# द ब्लैक बोर्ड: शिक्षा की लौ जलाने निकल पड़े हैं दो युवा

## ■ मुहिम: शिक्षा के लिए राज्य के बच्चों को पलायन ना करना पड़े
## ■ द ब्लैक बोर्ड इंस्टीट्यूट की स्थापना कर शिक्षा का अलख जगा रहे हैं
## ■ चार सौ स्क्वायर फीट के कमरे से दो हजार स्क्वायर फीट तक का सफर







शिक्षा जगत में झारखंड के दो युवा विनय कुमार सिंह और सुशांत मिश्रा अलख जगा रहे हैं। राज्य के बच्चे शिक्षा के लिए पलायन न करें, इसके लिए इन दोनों युवाओं ने द ब्लैक बोर्ड इंस्टीट्यूट की स्थापना की। इसके संस्थापक विनय कुमार सिंह और सुशांत मिश्रा से आजाद सिपाही संवाददाता सुनील सिंह ने खास बातचीत की।

**सवाल : द ब्लैक बोर्ड की स्थापना कब हुई और इसका उद्देश्य क्या है?**

**जवाब :** द ब्लैक बोर्ड की स्थापना 5 दिसंबर 2018 को हुई थी। इसका उद्देश्य है ऐसे बच्चे, जो काफी प्रतिभा के धनी हैं, लेकिन रिसोर्स ना होने के कारण अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पाते हैं या बेहतर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, वैसे बच्चों को कम फी में बेहतर शिक्षा देना। इसके चलते ही हमने द ब्लैक बोर्ड की शुरुआत की है।

**सवाल : द ब्लैक बोर्ड का कांसेप्ट कहां से आया?**

**जवाब :** हम लोग जब पढ़ते थे, तब खुद क्लास 10वीं झारखंड बोर्ड के विद्यार्थी रहे। उस समय हमने यह महसूस किया कि झारखंड बोर्ड के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती है। उन सभी बच्चों को कैसे बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके, इसी प्रयास में हम लोगों ने द ब्लैक बोर्ड की स्थापना की है।

**सवाल : आप दोनों बचपन के दोस्त हैं, इसकी स्थापना के पीछे की क्या कहानी है?**

**जवाब :** हम दोनों एक ही स्कूल पुरुलिया रोड स्थित संत लोइस स्कूल में साथ में पढ़ते थे और हम लोग क्लास वन से एक साथ थे। दोस्ती उसी समय से चली आ रही है। हम लोगों की फैमिली भी बहुत टू डू नहीं थी। तो फैमिली को भी ऐसे स्टेबल करने के लिए हम लोगों ने होम ट्यूशन से शुरुआत की। होम ट्यूशन पढ़ाने के दौरान हम लोगों को लगा कि इस काम में जब इतना मन लग रहा है, तो क्यों ना इसी को कैरियर बनाया जाये। इसी में फ्यूचर देखा जाये। फिर हम लोगों ने पढ़ाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे विद्यार्थियों का कारवां बढ़ता गया और आज इस मुकाम पर पहुंच गये।

**सवाल : चार सौ स्क्वायर फीट के कमरे से दो हजार स्क्वायर तक का सफर कैसा रहा?**

**जवाब :** दिसंबर में जब 2018 में हमने ब्लैक बोर्ड की स्थापना की, तो हम लोगों को यह उम्मीद नहीं थी कि इतना ज्यादा रिस्पॉन्स मिलेगा और इतना ज्यादा छात्रों का प्यार मिलेगा। हम लोग पहले मान कर चल रहे थे कि 40 से 50 बच्चे आयेंगे। बहुत सारे लोग अच्छा पढ़ाते हैं, लेकिन बहुत सारे लोग इतने खुशनसीब नहीं होते कि उन्हें बच्चों का प्यार मिल सके। आज ब्लैक बोर्ड है, उसमें दो चीजें हैं। इसमें जितने टीचर हैं सभी बहुत मेहनत करते हैं। जो पहले थे या अभी जो पढ़ा रहे हैं, उनके लिए बच्चों का भविष्य और बच्चों की पढ़ाई ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। बच्चों के साथ हम लोगों की एज गैप बहुत कम है, जिसके कारण फ्रेंडली रूप से बच्चे हम लोगों के साथ बातचीत कर पाते हैं। बच्चे भी हमारे साथ कंफर्टेबल होते हैं। इसका नतीजा यह है कि इस बार जब नीट का एग्जाम हुआ, तो ऐसे प्रेस्टीजियस एग्जाम में हमारे बच्चों ने 580 से 610 अंक तक लाये, यह बहुत बड़ी बात है।

**सवाल : बोर्ड की तैयारी के साथ आप लोग नीट और जेईई कंपटीशन एग्जाम की तैयारी भी करवा रहे हैं। राज्य में तो कई सारे इंस्टीट्यूट हैं। आपके इंस्टीट्यूट में ऐसी क्या खासियत है, जो बच्चे यहां आकर पढ़ाई करें?**

**जवाब :** हम लोग समझते हैं कि आज बच्चों की क्या जरूरत है। हम लोग वन टू वन बच्चों पर फोकस करते हैं। जिस बच्चे को किसी भी टॉपिक में किसी भी कांसेप्ट में दिक्कत हो, तो वह आकर पूछ सकता है। हम लोग बच्चों को पहले बेसिक से बताते हैं। कोई बच्चा कमजोर है, कोई बच्चा बहुत तेज है। हर बच्चे में पोटेंशियल होती है, जरूरत होती है उस बच्चे की पोटेंशियल को निखारने की। इसके अलावा बच्चों को हम लोग डिजिटल बोर्ड की सुविधा दे रहे हैं। लाइब्रेरी की सुविधा दे रहे हैं, और कुछ कुछ टॉपिक में प्रैक्टिकल भी करा रहे हैं, ताकि बच्चों को और बेहतर समझ में आये। हमारा संस्थान झारखंड में पहला ऐसा कोचिंग संस्थान है, जो साइंस सेगमेंट में बच्चों को डिजिटल रूप से पढ़ा रहा है। कोरोना काल में भी हम लोगों ने पूरे झारखंड में सबसे पहले यूट्यूब से लाइव पढ़ाना शुरू किया। हम लोग देखते हैं कि झारखंड बिहार से बहुत सारे बच्चे नीट मेंस की तैयारी करने के लिए कोटा चले जाते हैं। झारखंड के प्रतिभावान छात्रों का पलायन हो जाता है, इसको रोकने के लिए हम लोग जुटे हुए हैं।




**सवाल : द ब्लैक बोर्ड की ओर से गरीब असहाय छात्रों के लिए क्या कुछ किया जा रहा है?**

**जवाब :** हम गरीब और असहाय बच्चों के लिए क्लास ट्वेल्थ में एक स्कॉलरशिप टेस्ट लेते हैं। बीसैट ब्लैक बोर्ड स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट लेते हैं। इस साल इसमें लगभग 1745 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया, उनमें से जिन बच्चों का रिजल्ट बढ़िया रहा, उनको हम लोग फ्री में पढ़ा रहे हैं। पूरे साल हम लोग फ्री में पढ़ाते हैं और हमारा हंड्रेड परसेंट स्कॉलरशिप का मतलब है कि प्योर हंड्रेड परसेंट। इसमें किसी भी प्रकार का एक रुपया भी शुल्क नहीं लिया जाता है। हम बहुत कम फीस में बच्चों को बहुत सी सुविधाएं दे रहे हैं। जो बच्चे मध्यमवर्गीय परिवार से हैं, निर्धन है, वे भी हमारे कोचिंग में आकर बेहतर सुविधा का फायदा ले सकते हैं।

**सवाल : झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में क्या कुछ परिवर्तन होना चाहिए, जिससे बच्चों का भविष्य बेहतर हो ?**

**जवाब :** झारखंड की शिक्षा व्यवस्था का बेहतर होना बहुत जरूरी है। हम खास करके इलेवंथ ट्वेल्थ के बच्चों के लिए बोलना चाहेंगे, जो झारखंड बोर्ड से हैं वह थोड़ा अप टू डेट नहीं है। झारखंड बोर्ड के बच्चों को सिलेबस की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती है। उनको यह नहीं पता चल पाता है कि पैटर्न क्या है। जैसे सीबीएसई की कक्षा 1 अप्रैल से शुरू हुई तो उससे पहले ही बच्चों को बता दिया गया कि पैटर्न सिलेबस क्या है। झारखंड बोर्ड के बच्चे अंधेरे में रहते हैं। उनको जुलाई-अगस्त तक पता ही नहीं रहता है कि उनका सिलेबस क्या है। इस बार कौन सा टॉपिक एड किया गया है, किसको हटाया गया है। झारखंड बोर्ड का भी सिलेबस अप टू डेट रहे, तो झारखंड के बच्चों को भी पढ़ाई में और आसान हो जायेगी। अगर उनके सिलेबस को थोड़ा और डिफिकल्ट किया जाये तो बच्चे उस हिसाब से पढ़ेंगे। डिफिकल्ट क्वेश्चन के लिए प्रेरित करेंगे, तो ट्वेल्थ के बाद उनके लिए कम्पटेटिव एग्जाम निकालना थोड़ा आसान हो जायेगा। झारखंड बोर्ड के बच्चों में हीन भावना आ जाती है। इसे सीबीएसई सिलेबस के बराबर कर दिया जाये, तो बेहतर होगा।

**सवाल : आगे और क्या लक्ष्य है ?**

**जवाब :** हमारा गोल काफी बड़ा है। लक्ष्य काफी लंबा है। अभी कहना कुछ अटपटा लग सकता है। लेकिन हम लोग इस टारगेट से बढ़ रहे हैं कि एक समय ऐसा भी आये कि राज्य में पढ़नेवाला हर दूसरा बच्चा ब्लैक बोर्ड का विद्यार्थी हो। सभी परीक्षाओं में हमारे बच्चे अपना परचम लहरायें और देशभर के अलग-अलग संस्थानों में जाकर पढ़ाई करें। बड़े-बड़े पोस्ट पर जाकर देश की सेवा करें। इसी उम्मीद के साथ हम लोग इस मुहिम में जुटे हुए हैं।





## अजब-गजब : सीयूइटी की परीक्षा में एनटीए की मनमानी

# भारत के छात्र का सेंटर दिया पाकिस्तान के लाहौर में

- झारखंड में स्नातक की शिक्षा ग्रहण करना गरीबों के लिए अब नहीं रहा आसान
- एनटीए ने मनमानी कर परीक्षा केंद्र बदल अभिभावकों पर डाल दिया है अत्यधिक बोझ
- कई छात्र टेस्ट परीक्षा से हो जायेंगे वंचित

सुधीर सिन्हा



Department of Higher Education
Ministry of Education
Government of India

राष्ट्री
Nati

Common University Entrance Test CUET (UG) - 2023
Advance Information for Allotment of Exam Centre City to the A

| | | |
|---|---|---|
| Application Number | 23351125[illegible] | |
| Candidate's Name | Al[illegible] | |
| Father's Name | Ramesh[illegible] | |
| Gender | Male | |
| Date of Birth | 28-06-2004 | |
| Category | OBC-NCL | |
| Person with Disability | No | |
| Scribe Required | No | |
| City of Examination | Lahore | |
| State | Pakistan | |
| Date of Exam* | Slot | Subjects with medium opted |
| 27.05.2023 | 01 | 101 : English<br>102 : Hindi<br>501 : General Test (Medium:Hindi) |

*City Intimation Slip in respect of subjects with medium opted in the a ication but not visible ab due course. You are advised to be in touch with the NTA website for the same.

**गिरिडीह।** झारखंड में स्नातक की शिक्षा ग्रहण करना गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिये परेशानी का सबब बन गया है। स्नातक कोर्स में विद्यार्थियों का नामांकन सीयूइटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) में मिले स्कोर के आधार पर होना है।

इसके प्रवेश परीक्षा का आयोजन एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) द्वारा किया जा रहा है। परीक्षा कंप्यूटर के माध्यम से होना है। फॉर्म भरने के नाम पर प्रति छात्र 750 रुपये की वसूली की गई है। कई गरीब छात्रों ने घर के सामानों को गिरवी रख कर स्नातक की शिक्षा ग्रहण करने के लिये इस टेस्ट परीक्षा का फॉर्म भरा है। यधपि यह परीक्षा स्थानीय स्तर पर ही होनी चाहिये थी। ताकि सभी छात्र सहूलियत के साथ परीक्षा में शामिल हो सकते। लेकिन फॉर्म में स्थानीय सेंटर नहीं रहने पर छात्र अपने सहूलियत के अनुसार नजदीकी जिला धनबाद और देवघर सेंटर अप्लाई किये थे। यह दोनों स्थान पर सेंटर होना फॉर्म में अंकित था।

परीक्षा को लेकर एनटीए ने सिटी इंटिमेशन स्लिप जारी किया है। जिसमें परीक्षा केंद्र का सिटी और तिथि बताया है। जिसमें छात्रों को उनके द्वारा फॉर्म में भरे परीक्षा केंद्रों के स्थान पर मनमानी करते हुये किसी को उड़ीसा के राऊरकेला, सम्बलपुर किसी को पटना और किसी का सेंटर कोलकाता दे दिया गया है। वहीं एनटीए ने छात्रों के तीन विषयों के स्थान पर मात्र एक ही विषय के बारे में जानकारी दी है। कुछ का दो दिनों के अंतराल में सभी विषयों की परीक्षा होने की सूचना दी है। वैसे अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर दो दिनों तक रुकना भी पड़ सकता है। ऐसे में उनके परिजन होनेवाले अतिरिक्त खर्च से चिंतित हैं।

प्रदेश के गिरिडीह समेत अधिकांश जिले के छात्र गरीब तबके से आते हैं। बावजूद इसके हजारों हजार को संख्या में छात्रों ने स्नातक की शिक्षा ग्रहण करने के 750 रुपये का पूर्व में वहन जैसे तैसे कर लिये। लेकिन अब एनटीए की इस मनमानीपूर्ण कृत्य से कई आर्थिक स्थिति से कमजोर व गरीब छात्र एनटीए द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्र पर जाकर परीक्षा दे पाने में असमर्थ हैं। जिससे इन छात्रों का भविष्य अधर में लटक सकता है। उन्हें स्नातक की शिक्षा लेने से वंचित रह जाना पड़ सकता है।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय में भी इसी आधार पर स्नातक में नामांकन होना है। अभिभावकों ने कहा कि जब विनोवा भावे विश्वविद्यालय के पास इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं था तो ऐसे टेस्ट की जल्द बाजी नहीं करनी चाहिये थी। कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा इसे अपनाना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है। हास्यास्पद पहलू तो यह है कि एनटीए ने भारत के छात्र के लिये टेस्ट परीक्षा का सेंटर लाहौर पाकिस्तान निर्धारित कर दिया है। आखिर इसके पीछे एनटीए की मंशा क्या है यह जांच का विषय है।

# वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड के सदस्यों ने स्पीकर-विधायक के समक्ष पूर्व सैनिक और शहीद परिवार को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को रखा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वेटरन ऑगेर्नाइजेशन ऑफ झारखंड के सदस्यों के द्वारा सोमवार को स्पीकर रविंद्र नाथ महतो एवं मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की के समक्ष पूर्व सैनिक वीर नारी एवं शहीद परिवार को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं, संगठन का मकसद और कार्यकलापों को रखा। यह संगठन विगत कई वर्षों से झारखंड में निवास कर रहे जरूरतमंद पूर्व सैनिकों को हर तरह से मदद पहुंचाता आ रहा है।

मौके पर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की ने संगठन का प्रशंसा करते हुये स्पीकर को बताया कि इस संगठन को झारखंड राज्य में एक अधिकारिक प्लेटफार्म की जरूरत है। जो सरकार के द्वारा इन्हें उपलब्ध कराया जा सकता है। कहा कि इस वर्ष कारगिल विजय दिवस 4 को राज्य सरकार की मदद से बृहद रूप से मनाया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड के मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार संगठन को जरूर मदद करेगी और जल्द ही इस संगठन का प्रतिनिधि दल विधायक के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर सभी बातों को इनके समक्ष रखेंगे। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र विश्वकर्मा, वेटरन कल्याण झा, वेटरन उमाशंकर झा, वेटरन अनिल यादव, वेटरन रूपक ठाकुर, वेटरन राकेश कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

# सिल्ली 61 विधानसभा क्षेत्र एवं नरेंद्र मोदी विचार मंच के युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनपति महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोनाहातू प्रखंड सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भुसुडीह तेतेटांड जोजोपिड़ी लोवाडीह मैनुडीह कोड़ाडीह लादुडीह हेसाडीह सितुमडीह कोकाडीह सावडीह बोधडिह तमाम गांव में रोड की जर्जर व्यवास्था है तथा साथ-साथ बिजली के लिए यहां के लोग तरस रहे हैं। कोकाडीह गांव में सड़क नहीं है। आजादी के बाद आज तक सड़क नहीं बनी है। लादूडीह ग्राम को आदर्श ग्राम बनाया गया था, लेकिन शिलापट्ट तक ही सिमित रहा। सोनाहातू प्रखंड के ग्राम हिरणवाकू पुल का शिलान्यास किया गया था, जो टूट के कगार पर है, जो विधायक की नजरों से कोसो दूर है। इससे 60 गांव प्रभावित होगा। यहां से बालू की ढुलाई रात में प्रतिदिन होती है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में जितने भी पानी टंकी लगायी गयी थी। सबके सब आज खराब है। आंगनबाड़ी केंद्र से वहां की जनता को समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। प्रधानमंत्री योजना आवास के तहत जो भी राशि का आंवाटन किया गया है, वह कागज तक ही सीमित है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 मई, 2023
www.azadsipahi.in
08

### बायें हाथ को छूते हुए निकली गोली, अस्पताल में चल रहा इलाज, हमलावर महिला फरार, तलाश में जुटी पुलिस

# खूंटी कचहरी के सामने दिनदहाड़े यौन शोषण के आरोपित पर पीड़िता की मां ने चलायी गोली

**जमानत पर जेल से बाहर था आरोपित, घटना के बाद हमलावर महिला फरार, तलाश शुरू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कचहरी के समीप जेल गेट के पास सोमवार को पोक्सो एक्ट के आरोपित पर दिनदहाड़े गोली चालन की घटना प्रकाश में आयी है। हालांकि वह बाल-बाल बच गया। गोली उसके हाथ को छूते हुए निकल गयी। उसकी पहचान खूंटी के हुंटार निवासी विश्वनाथ प्रमाणिक के रूप में हुई है। गोली चलन की घटना के बाद तुरंत उसे निकटवर्ती सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार आरोपित विश्वनाथ पर पीड़िता की मां ने गोली चलाई है। घटना के बाद महिला मौके से फरार होने में सफल रही। वहीं, एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि शहर के तोरपा रोड निवासी आरोपित महिला की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी जारी है। उन्होंने बताया कि घायल विश्वनाथ के खिलाफ खूंटी थाने में वर्ष 2021 में पोक्सो एक्ट के तहत एक मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद आरोपित ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। एसडीपीओ ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही विश्वनाथ जेल से जमानत पर बाहर आया था। सोमवार को खूंटी अदालत में उसकी तारीख थी। कोर्ट में उपस्थित होने के बाद दोपहर एक बजे जब वह अदालत से बाहर निकलकर वापस लौट रहा था, तभी पहले से वहां घात लगाए बैठी पीड़िता की मां ने उस पर अचानक गोली चला दी। अदालत परिसर के समीप उपकार गेट के सामने गोली चलने की घटना से वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। इसी का फायदा उठाकर हमलावर महिला वहां से भागने में सफल रही। इसके बाद घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गयी और मामले की पड़ताल शुरू की। उल्लेखनीय है कि जहां पर गोली चलने की यह घटना हुई वहां से चंद कदम की दूरी पर ही खूंटी परिसदन में डीसी और एसपी सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तल रही तैयारियों को लेकर बैठक कर रहे थे। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सुरक्षित जोन में दिनदहाड़े हुई गोली चालन की इस घटना से क्षेत्र में भय का माहौल लोग। पुलिस ने जल्द महिला को गिरफ्तार करने का दावा किया है।


गोली चलाए जाने की प्रतिकात्मक फोटो।

## अड़की से तीन वारंटी गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**अड़की (आजाद सिपाही)।** ड़की पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। सभी कई सालों से फरार थे। उनकी पहचान सुराकोचा गांव निवासी जीवन मुंडा, गोपोल का मोगो पाहन और पांडुडीह गांव निवासी तुलसी मुंडा के रूप में हुई है। सभी अड़की थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में गिरफ्तारी की गयी।

## फर्जीवाड़ा : बैंक खाता का नंबर और पीन कोड मांग कर निकाले 40 हजार रुपये

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चोकाहातू गांव के देवेंद्र नाथ मांझी नामक व्यक्ति को उसे बैंक खाता, अपना नाम और पता बताना मंगा पड़ गया। बैंक खाता और नाम पता बताने के तुरंत बाद उनके बैंक खाते से 40 हजार रुपये की निकासी हो गई। इस संबंध में वीरेंद्र नाथ माझी ने सोनाहातू थाना में ठगी का शिकार होने का मामला दर्ज कराया है। विरेंद्र नाथ ने बताया कि सोमवार की दोपहर 12 बजे 8638668196 नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वो कैनरा बैंक के हेड ऑफिस से बोल रहा है। एटीएम खराब हो गया है। इसलिये उसका नाम, पता और खाता नंबर बताना पड़ेगा। उसने बिना कुछ सोचे समझे नाम, पता और चोकाहातु बैंक का खाता नंबर उसे बताया कि इसके बाद 12.51 बजे पहली निकासी 20 हजार रुपये की हुई। एक मिनट बाद ही और 20 हजार रुपये निकाल लिए गए। की हुई। दोनों निकासी होने का मैसेज उसके मोबाइल नंबर पर आया तो ठगी का पता चला।

## नल जल योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मारदू ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को 15 वें वित्त आयोग पंचायत समिति मद से सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने नल जल योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से किया। 15 वें वित्त आयोग पंचायत समिति मद से एक लाख 30 हजार रुपए की राशि से नल जल योजना निर्माण कार्य किया जाना है। इस मौके पर उप प्रमुख आरती देवी, पंचायत समिति सदस्य भीम महतो, संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## सिल्ली कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** कॉलेज सभागार में विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने ने के लिए सोमवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एनएसएस के पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अर्चना कोईरी ने किया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने कहा कि बेहतर केरियर के निर्माण में अपने भीतर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन करने की काबीलियत एक अहम कड़ी है। जिसमें खासकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी पीछे रह जाते हैं। उच्च शिक्षा के साथ व्यावहारिक जीवन के हर क्षेत्र में विद्यार्थियों में आगे रहने की क्षमता विकसित करने के लिए कॉलेजों में एक नई पहल की जा रही है। इसके तहत महाविद्यालयों को अपने छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने होंगे, ताकि विद्यार्थियों को सहयोग किया जा सके। कॉलेज में रैगिंग, छींटाकशी और भेदभाव जैसी परेशानियों से खासकर नये छात्रों को अपना बचाव करने, जागरूक करने के साथ मनोबल बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र सिवा कुमार, तारकेश्वर महतो, किरण कुमारी, रेनू कुमारी, सुमित महतो, आदि ने भी अपना अपना विचार रखें। इस मौके पर अभिमन्यु महतो, विश्वनाथ मुंडा, अनंत कुमार महतो,संजय प्रमाणिक, किरीटीभूषण समेत कॉलेज के शिक्षक गण आदि उपस्थित थे।

# रैयत विस्थापित मोर्चा नवाडीह शाखा की बैठक में बंद को सफल बनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** रैयत विस्थापित मोर्चा नवाडीह शाखा की बैठक सोमवार को मोना टोला में हुई। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा और संचालन गणेश मुंडा ने किया। इस मौके मुख्य रूप से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, कार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंह, उपाध्यक्ष नरेश गंझू, अमृत भोगता, सह सचिव राम लखन गंझू, प्रकाश महतो, प्रभाकर गंझू सहित कई लोग मौजूद थे। बैठक में मोर्चा द्वारा रैयत विस्थापितों की समस्याओं को लेकर 29 मई को घोषित बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन ने हमेशा रैयत विस्थापितो के साथ छलावा किया गया है। आजतक विस्थापितों को सुविधा के नाम पर केवल कोरा आश्वासन ही मिला है। कोई भी सुविधा रैयत विस्थापितों को नहीं दी जा रही है लेकिन अब रैयत विस्थापित जग चुका है। अपना हक अधिकार लेने के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि नाबाडीह में खदान खुलना है इसलिए अभी से अपनी एकजुटता एवं ताकत दिखाना होगा। तभी प्रबंधन से आपको सुविधा और हक अधिकार आसानी से मिल पाएगा। सीसीएल प्रबंधन अगर एक दिन की बंदी से नहीं चेता तो आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन बंदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि रैयत विस्थापितों की उपेक्षा कर कोयला खदान नही चल पाएगा। परियोजना का विस्तारीकरण नहीं हो पायेगा। बैठक में प्रेम गुप्ता, नरेश यादव, दिनेश प्रसाद गुप्ता, कलिंदर ठाकुर, कुलदीप प्रसाद साहू, विनोद मुंडा, बासदेव ठाकुर, रामधारी गंझू, रविंद्र मुंडा, राधेश्याम प्रसाद, अनंत मुंडा, हेमलाल गंझू, मुकेश मुंडा, गणेश लोहरा, सुकरा गंझू, राजू लोहरा, शानू लोहरा, सूरज लोहरा, संदीप लोहरा, अनिल लोहरा, मदन लोहरा, प्रेम लोहरा, दीपक मुंडा, रोहित मुंडा, शिवा गंझू, आशीष मुंडा, सत्यनारायण लोहरा, बिनोद लोहरा, शंकर गंझू, बाबूलाल गंझू, अजय उरांव, संतोष मुंडा, विक्की लोहरा, अकाश लोहरा, रंथु मुंडा, मंगल गंझू, मंतोष मुंडा, नगीना कुमारी, तारा देवी, नीरा देवी, रिझनी देवी, कलावती देवी, सोनिया देवी, पुतुल देवी, तुलवा देवी, ननकी देवी, रेखा देवी, अनिता देवी, पूनम देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


बैठक के दौरान मोर्चा के पदाधिकारी और ग्रामीण।

## अड़की के पुरनापानी गांव में उत्पन्न हुआ भीषण पेयजल संकट

**अड़की (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरनानगर पंचायत के पुरनापानी गांव में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट उत्पन्न हो गयी है। लोग पीने का पानी गांव से एक किलोमीटर दूर चुवा व नदी से लाने कोमजबूर हो गए हैं। गांव का चापाकल महीने से खराब है। इसकी शिकायत मुखिया से लेकर प्रखंड के अधिकारी तक को की गयी है, लेकिन किसी ने ठीक कराने को लेकर अब तक कोई पहल नहीं की है। इससे ग्रमीणों में काफी आक्रोश है। इस संबंध में एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन खूंटी डीसी को मंगलवार को सौंपा जाएगा।

## कोयला उत्पादन में सुरक्षा की अनदेखी को लेकर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ (बीएमएस) एन.के.क्षेत्र की ओर से सोमवार को कोयला उत्पादन में हो रही सुरक्षा की अनदेखी के मुद्दे पर एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उपस्थित केंद्रीय उपाध्यक्ष राघवेंद्र ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर कई वक्तओं ने अपनी-अपनी बातों को रखा। प्रदर्शन को क्षेत्रीय सचिव गोविंद चंद महतो, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य हरेंद्र राम, केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य मनीष कुमार, पुरनाडीह शाखा सचिव रामप्रवेश नायक, केडीएच शाखा सचिव पिंकू सिंह, डकरा शाखा सचिव रंजित बाराल के अलावा असंगठित कमेटी के एनके एरिया सचिव विनोद विश्वकर्मा ने संबोधित किया। वहीं प्रदर्शन के अंत में यूनियन की ओर से सुरक्षा की अनदेखी के मुद्दे संबंधित एनके महाप्रबंधक के माध्यम से केंद्र सरकार को एक ज्ञापन भेजा गया। प्रदर्शन के दौरान मौके पर काफी संख्या में यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते यूनियन के सदस्य।

### रोहिणी परियोजना पदाधिकारी ने ढुब पेटपेट के विस्थापितों के साथ की बैठक

# विस्थापितों की सहमति से ही होगा पुनर्वास स्थल का चयन: जेके सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रोहिणी परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने तुमांग पंचायत के ढुब पेटपेट के विस्थापितों संग सोमवार को बैठक की। विस्थापितों ने नए पीओ का बुके देकर स्वागत किया। पीओ ने ढुब पेटपेट के विस्थापितों की समस्याओं के बारे में चर्चा की। जिसमें विस्थापितों के पुनर्वास स्थल को लेकर चर्चा की गई। पीओ ने कहा कि प्रबंधन पुनर्वास के लिए विस्थापितों की सहमति के बाद सही उपयुक्त स्थल का चयन करेगा, जो प्रबंधन और विस्थापितों की सहमति से होगा। विस्थापितों की सहमति के बाद ही पुनर्वास स्थल के लिए फाइल मुख्यालय भेजा जाएगा। विस्थापित प्रतिनिधियों ने कहा कि पुनर्वास सहित अन्य मांगों पर प्रबंधन सकारात्मक पहल करे तो रैयत विस्थापित भी प्रबंधन को खदान विस्तारीकरण में सहयोग करेंगे। उसके बाद प्रबंधन एवं रैयत विस्थापित रोहिणी खदान के बगल में नए पुनर्वास स्थल का भी निरीक्षण किया और स्थिति की जानकारी ली। विस्थापितों ने कहा कि पुनर्वास स्थल पर सारी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिये ताकि विस्थापितो की हर सुविधा मिल सके और यह पुनर्वास स्थल एक उदाहरण बने। इस पर पीओ ने पहल करने का आष्वासन दिया है। मौके पर मैनेजर दीपक कुमार एवं रैयत विस्थापित मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, अमृत भोगता, नरेश गंझू, जालिम सिंह, लहसन भोगता, राम लखन गंझू, शिवनाथ भोगता, सूरज लोहरा, उमेश लोहरा, प्रकाश महतो, छोटन भोगता, रवि भोगता आदि थे।


ग्रामीणों के साथ बैठक करते परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में खुले छह रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल सेंटर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के लोग पुराने कपड़े, जूते, बिजली उपकरण, कॉपी किताब आदि को आरआरआर सेंटर में जमा कर सकेंगे। इसके लिए नगर पंचायत द्वारा सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र में छह रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल (आरआरआर) सेंटर का उद्घाटन किया गया। नगर भवन, खूंटी टोली, महादेव मंडा, कमन्ता, पिपराटोली आजाद रोड सेंटर का उद्घाटन किया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि आरआरआर सेंटर का मुख्य उद्देश्य आपके घरों में पड़े पुराने समान जैसे, कपड़े, जुते, बिजली उपकरण, कॉपी-किताब को सेंटर में जमा करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। इन पुराने सामनों को जरूरतमंदों के बीच वितरित किया जाएगा। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश, सिटी मैनेजर अफताब आलम और कार्यलय कर्मी उपस्थित थे।

### कर्रा में वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा थाना क्षेत्र के कोने पाहन टोली निवासी सोमरा पहान (54) ने सोमवार तड़के चार बजे अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार घर के सभी लोग अपने-अपने कमरे में सोए थे। सोमरा पाहन भी अपने कमरे में सोया था। सुबह पांच बजे जब परिजन उसे जगाने गए तो वह अपने कमरे में लगी मोटी लकड़ी ( धरना) से रस्सी के सहारे लटका मिला। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना मुखिया अजय खलखो को दी गई। बाद में मुखिया ने इसकी जानकारी कर्रा थाना की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिवार वालों का कहना है कि सेमनरा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

### असंगठित मजदूरों के धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए एटक नेता अशोक यादव




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समीप यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले पिछले आठ दिनों से असंगठित मजदूरो का धरना प्रदर्शन जारी है। सोमवार को झारखंड राज्य एटक के महामंत्री सह यूनाइटेड कोल वर्कस यूनियन के केंद्रीय सचिव और कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अशोक यादव भी धरना स्थल पर पहुंचे और उसमें शामिल हुए। उन्होंने कहा कि 42-43 डिग्री तापमान में इस तरह अपनी जायज मांगो के लिए मजदूर धरना स्थल पर जिस तरह डटे है ये काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि इनके मांगों को 26 मई को सीसीएल मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन में उठाया जाएगा। साथ ही 27 मई को होने वाली सीसीएल सलाहकार समिति की बैठक में पहला मुद्दा पिपरवार के असंगठित मजदूरों के अनिश्चितकालीन धरना के सम्बंध में उठाया जाएगा। उन्होंने मजदूरों को संगठित रहते हुए अपने हक-अधिकार के लिए लड़ने के साथ अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कृष्णा चौहान, प्रेम कुमार, अरविंद शर्मा, दिनेश भर, चंदन शर्मा, आनंद कुमार, जितेंद्र सिंह, संतोष प्रजापति, टेकलाल महतो, समसुल अंसारी, भुवनेश्वर महतो, धीरज उरांव, कुलेश्र्व गंझु, बबलू विश्वकर्मा, पालदी,कमेश्व गंझु,तानो देवी के अलावे काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

### बटुका खपिया में मंडा पूजा सह मेला का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू पंचायत के बटुका खपिया में आस्था का प्रतीक मंडा पूजा सह मेला झूलन के साथ संपन्न हुआ। पूजा मे 51 भोक्ता और 103 सोकताईन उपवास में थे। रविवार की रात 10 बजे फूलकूंदी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्त दहकते हुए आग के अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया। जिसके बाद बंगाल से चलकर आए सोनाली महतो महिला छउ नृत्य और हरखनाथ गोस्वामी पुरुष छउ नृत्य के बीच मुकाबला देखने को मिला। रात भर दोनों ग्रुप ने लोगों को एक से बढ़कर एक छउ नृत्य पेश किया। आयोजन समिति के अनुसार इस क्षेत्र में पहली बार महिला छउ नृत्य का आयोजन किया गया था, जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, मुखिया तुलसी तुरी और पंचायत समिति सदस्य मुनिता कुमारी,रंजीत तुरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेला का उद्घाटन का किया। अतिथियों ने मंडा पूजा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, मेला को सफल बनाने में उदयनाथ महतो, कुलदीप महतो, कृष्ण कुमार महतो, मोहन कुमार, कौलेश्वर महतो, श्रवण शर्मा, कामेश्वर चौधरी, महेश महतो, मुकुंद महतो, बलराम महतो, महेंद्र कुमार, फुलदेव महतो, चंदन महतो, तारकेश्वर महतो, कृष्णा महतो, सुलेंद्र महतो, अशोक महतो, कलेंद्र महतो, भरत महतो, रंजीत कुमार, मिथिलेश चौधरी, धनंजय महतो, राजकिशोर चौधरी, रामदास महतो, किशुन महतो, सुदामा शर्मा, बबलू शर्मा, बनवारी महतो, चतुर्भुज शर्मा, मुकुल महतो, श्रवण महतो, नारायण रविदास, लालदेव करमाली आदि लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

### रोहिणी शाखा ने नये पीओ से मिलकर यूनियन ने कामगारों की समस्याओं से अवगत कराया

**खलारी (आजाद सिपाही)।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन रोहिणी शाखा की ओर से सोमवार को रोहिणी परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह का स्वागत किया। इस दौरान रोहिणी परियोजना मैनेजर दीपक कुमार की उपस्थिति में यूनियन के पदाधिकारियों ने अपना परिचय दिया। वहीं यूनियन पदाधिकारियों ने परियोजना के समक्ष जमीन अभाव की समस्या से पीओ को अवगत कराया। साथ ही डे-टू-डे क्लिनिंग का सिविल विभाग द्वारा सही से निष्पादन नहीं करने की भी बात कही। इसके अलवा मल्टी स्टोरीज क्वार्टर में सीपेज की समस्या, कामगारों का प्रमोशन का मुद्दा, रोहिणी में कार्यरत कामगारों के आश्रितों का सर्विस शीट में नाम अंकित कराना और नॉमिनी चेंज कराने सहित अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया गया। वहीं यूनियन की ओर से कामगारों को मुलभूत सुविधाओं को दिलाने के लिए मांग किया गया। यूनियन की सभी मांगों पर परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने हर संभव मदद करने का यूनियन पदाधिकारियों को आश्वासन किया। इस मौके पर ध्वजा राम धोबी, रामा उरांव, नंदू मेहता, प्रधान मुंडा, सोमनाथ मालिक, मनीष कुमार, षैलेश अंगरिया, राजनाथ सिंह, रंथु उरांव, रामगुनी महतो, लालदेव गंझू, प्राण मुंडा, मनोज राम, कृष्णा मूंडा, गोपीचंद यादव, सरजू महतो, बंधन मुंडा, काली राम महली आदि मौजूद थे।

# विद्युत आपूर्ति प्रमंडल ने किया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**विभिन्न प्रखंडों में लगाया जा रहा ब्याज माफी कैंप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** विद्युत विभाग के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता प्रभात कुमार श्रीवास्तव तथा विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रांची पश्चिमी के कार्यपालक अभियंता हिमांशु कुमार के द्वारा रविवार को ऊर्जा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के विद्युत अभियंताओं समेत, पंचायत सेवक, मुखिया, जिला परिषद व अन्य जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। संवाद का उद्देश्य बिजली विभाग के योजनाओं एवं सेवाओं की समुचित जानकारी देना एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रचार-प्रसार करना है। इसके अलावा क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी व समस्याओं का निराकरण करना शामिल है। जनप्रतिनिधियों को विभाग की योजनाओं जैसे 100 यूनिट फ्री योजना, जले हुये ट्रांसफॉर्मर व जर्जर तार व पोल को बदलना तथा छूटे हुए टोलों का विद्युतीकरण एवं कैम्पों की जानकारी दी गयी। उन्हें बतलाया गया कि विभाग गुणवत्तापूर्ण बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है, परंतु उसी अनुपात में राजस्व उगाही भी जरूरी है, जिसके लिए बिजली चोरी रोकना जरूरी है। उपभोक्ता से ससमय बिजली बिल जमा करने, भार के अनुपात में कनेक्शन लेने आदि में सहयोग करने के लिये आग्रह किया गया। बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं को लीगल नोटिस दिया जा रहा है, जिन पर सर्टिफिकेट केस आदि की जानकारी साझा की गयी।

**3 से 31 मई तक लगाया जा रहा कैंप**

3 मई से 31 मई तक रांची के विभिन्न प्रखंडों में ओटीएस व राजस्व संग्रह कैंप लगाया जा रहा है। जिसमें नगड़ी, लापुंग, इटकी, बेड़ो, मांडर, रातू प्रखंड शामिल है। उपभोक्ता एकमुश्त ब्याज माफी योजना तथा किस्तों में भी बकाया बिल जमा कर कैंप का लाभ उठा सकते हैं।

# गेतलसूद मैदान में कबड्डी का सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद मैदान में सोमवार से कबड्डी का सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। 28 मई को इसका समापन किया जाएगा। इसमें पचास से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण रांची जिला कबड्डी एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण कुमार सिंह दे रहे हैं। समर कैंप का उद्घाटन भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने किया। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि इस तरह के कैंप के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभा को सामने आने का मंच मिलता है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने में काफी मदद मिलेगी। प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि यहां से चयनित कैडेट को जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। इस मौके पर कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंचल कार्यालय को जमीन दलालों से मुक्त कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** काफी दिनों से त्रस्त ग्रामीण अंचल कार्यालय को जमीन दलालों से मुक्त कराने व तरगड़ी के ग्राम प्रधान रणजीत मुंडा को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को पूर्व मंत्री देव कुमार धान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। बाद में अंचलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में भूमि दलालों के नामों की भी चर्चा की गई है। मांग पत्र में कहा गया है कि भूमि दलाल हल्का कर्मचारियों से मिलकर गलत वंशावली बनवाने व गोपनीय दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर जमीन की हेराफेरी करते हैं। प्रदर्शन में प्रदर्शनकारी हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर उपस्थित थीं। जिसमें दलाल कर्मचारी गठजोड़ को बंद करो, दस्तावेजों में छेड़छाड़ करना बंद करो सहित कई अन्य स्लोगन लिखे थे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से सईद अंसारी, मंटू केरकेट्टा, कार्तिक महतो, बुधवा उरांव, गौतम मुंडा व बुद्धू मुंडा सहित अन्य शामिल थे।

# घाघरा में रांची महापौर के पिता के ब्रह्मभोज में पहुचे केंद्रीय मंत्री सहित कई राज्यसभा सांसद



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित रांची महापौर सह भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आशा लकड़ा के पिता के ब्रह्मभोज में सोमवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित कई राज्यसभा सांसद पहुंचे। इस क्रम में डॉ. आशा लकड़ा के पिता हरिचरन भगत के चित्र पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा राष्ट्रीय संगठक बी सतीश, राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, समीर उरांव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मबीर सिंह सहित कई राज नेताओं ने पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं राजनेताओ ने कहा कि इस दुख की घड़ी में भाजपा परिवार साथ है। मौके पर पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, भिखारी भगत, तेम्बू उरांव, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, पूर्व भाजपा विधानसभा प्रत्याशी अशोक उरांव, अमित ठाकुर सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : खिजरी विधायक ने बानपुर राढ़ू नदी पर पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, कहा**

# संवेदक गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए ससमय योजना को पूरा करें

**निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने की शिकायत पर संवेदक के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : राजेश कच्छप**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सोमवार को बोंगईबेड़ा पंचायत के बानपुर गांव स्थित राढ़ू नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस पुल का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) मद से करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से करायी जाएगी। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि इस पुल के बन जाने से प्रखंड के बोंगईबेड़ा, पैका एवं चतरा पंचायत के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पुल, पुलिया, सड़क का निर्माण कराना उनकी प्राथमिकता में है। उनके एकल प्रयास से क्षेत्र में कई विकास योजनाओं की स्वीकृति मिली है तथा धरातल पर उसका क्रियान्वयन भी हो रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि गुंगानाला में पुल निर्माण कराने को लेकर वे लगातार प्रयासरत हैं। विधानसभा में भी इस मामले को कई बार उठाया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक गुंगानाला मे पुल नहीं बन जाता है वे चैन से नहीं बैठेंगे।

उन्होंने ग्रामीणों को पुल निर्माण कार्य की निगरानी करने तथा संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए ससमय योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि निर्माण कार्य में किसी तरह की अनियमितता बरते जाने की शिकायत मिलने पर संवेदक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, मुखिया हिरदु उरांव, पंसस संज्योति देवी, ग्राम प्रधान सोमरा उरांव, कांग्रेस के एतवा उरांव, साकीर अंसारी, जितेन्द्र महतो, सिद्दिक अंसारी, छोटेलाल महतो, संगीता कैथा, गोपाल महतो, भुवन महतो, अनमोल तिर्की, पैका मुखिया क्रिस्टीना तिर्की, पंसस एमलेन खेस, धनीराम महतो सहित अन्य मौजूद थे।

# हरातू में आजसू का पंचायत स्तरीय सम्मेलन 28 को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** प्रखंड के हरातु पंचायत अंतर्गत ईद पाहन टोली में आजसू पार्टी की बैठक सोमवार को किशोर मुण्डा की अगुवाई में की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। 1932 खतियान के नाम पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। वहीं पुलिस-प्रशासन बेलगाम हो चुके हैं। जनता की फरियाद नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। बैठक में आगामी 28 मई को हरातु पंचायत स्तरीय वृहद सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस सम्मेलन से ही आंदोलन का विगुल फुंका जाएगा। बैठक में आजसू के जिला उपाध्यक्ष जलनाथ चैधरी, संजय महतो, सूरज मुण्डा, लालचंद पाहन, मोहन पाहन, महादेव मुण्डा, जगदीश मुण्डा, हरिचरण मुण्डा, आकाश मुण्डा, सोनु मुण्डा, रमण मुण्डा, विरेन्द्र पहान, रंजन पहान, सुनील मुण्डा, आकाश मुण्डा आदि मौजूद थे।

# तीन जून को पड़हा जतरा समारोह को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दो अलग- अलग जगहों बेड़ो बाजार टांड़ व बारीडीह जतरा मैदान में आगामी 3 जून को होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे बेड़ो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में पड़हा समाज के लोगों, प्रखंड के बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों से भाग लेने की अपील की गई है। यह जानकारी थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने दी है।

# स्वर्ण डीपीएस स्कूल में समर कैंप का समापन

**उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भाभा हाउस को प्रथम एवं टैगोर हाउस को द्वितीय पुरस्कार के रूप में शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में आयोजित दो दिवसीय समर कैंप का सोमवार को समापन हो गया। पिछले दो वर्षों से स्कूल बच्चों के उत्कृष्ट पढ़ाई के साथ मानसिक व शारीरिक विकास के लिए बीच बीच में ऐसे आयोजन लगातार करता आ रहा है। जहां बच्चों ने टैगोर हाउस, रमन हाउस और भाभा हाउस ने कैंप में भाग लिया। समर कैम्प के आखरी दिन रंग-बिरंगी चित्रकला, नृत्य, जलयात्रा डांस, शतरंज, जुम्बा नृत्य, एयर राइफल व एयर पिस्टल शूटिंग, मेडिटेशन जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यालय प्रबंधन के उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता अविनाश कुमार पांडेय ने कहा कि स्वर्ण डीपीएस स्कूल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों ने विद्यालय के छात्रों के जीवन में बदलाव लाया है। गांव के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है इन्हें बस निखारने की जरूरत है, जो विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल स्वर्ण डीपीएस स्कूल ने एक बार फिर से एक उत्कृष्ट समर कैंप का आयोजन किया है। बच्चों को उपाध्यक्ष श्यामल बरन दास, शिक्षिका पोला बनर्जी, निर्देशक दीपम बनर्जी ने गर्मी छुट्टी के दौरान पढ़ाई जारी रखने की बात कही। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भाभा हाउस प्रथम पुरस्कार एवं टैगोर हाउस को द्वितीय पुरस्कार के रूप में शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्य सोनम प्रसाद, शिक्षिका प्रेमिका लकड़ा, श्वेता खन्ना, बिजेता गुप्ता, संध्या कुमारी, कराटे शिक्षक राज कूपर व सुरेंद्र साहू का योगदान रहा।

# टाना भगतों ने समाजसेवी के निधन पर जताया शोक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड के समाजसेवी झिरगा टाना भगत की लंबी बीमारी के कारण शनिवार को निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर अखिल भारतीय टाना भगत विकास परिषद रांची जिला के अध्यक्ष खेड़या टाना भगत ने शोक जताया। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने एक योग्य समाजसेवी को खो दिया। उनकी कमी समाज को हमेशा खलेगी। उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने सरकार से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। वहीं शोक व्यक्त करने वालों में फगुवा टाना भगत, मंगरा टाना भगत, सुका टाना भगत, प्रकाश टाना भगत, बिगवा टाना भगत व जयराम टाना भगत समेत कई लोग शामिल हैं।

**कार्यक्रम : चान्हो प्रखंड के कमाती में नये नॉर्थ वेस्टर्न जीइएल चर्च का पवित्र संस्कार संपन्न**

# धार्मिक शिक्षा के साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान भी जरूरी : बंधु तिर्की

**सभी समाज एवं धर्म संप्रदाय के लोगों की यह जिम्मेदारी है कि वे गांव-देहात में सभी लोगों को जागरूक करें और उन्हें विशेष रूप से सरकार की लाभकारी योजनाओं से अवगत करायें**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चान्हो।** चान्हो के कमाती में जीईएल चर्च का पवित्र संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मांडर बंधु तिर्की शामिल हुए। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि नयी प्रवृत्ति के अनेक लोग अपनी आधी-अधूरी धार्मिक पहचान तो बरकरार रख पाते हैं लेकिन वे अपने पुरखों के संस्कारों और पारंपरिक जीवन पद्धति से बिल्कुल कटते जा रहे हैं और ये पूरे समाज के लिये खतरनाक है। श्री तिर्की ने कहा कि इन सबका खमियाजा न केवल किसी व्यक्ति, परिवार या समाज बल्कि सभी को उठाना पड़ रहा है। आनेवाले दिनों में इसका नुकसान और भी भयानक होगा।

श्री तिर्की ने कहा कि सभी को अपनी धार्मिक पहचान की रक्षा करने का अधिकार है, लेकिन इसके साथ-साथ हमें शिक्षा पर भी पूरा ध्यान देना चाहिये।

चान्हो प्रखंड के कमाती गांव में नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च के अंतर्गत स्थापित मांडर पेरिश के नये चर्च के पवित्र संस्कार में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में श्री तिर्की ने कहा कि सभी समाज एवं धर्म-संप्रदाय के महत्वपूर्ण लोगों की यह जिम्मेदारी है कि वे गांव-देहात में सभी लोगों को जागरूक करें और उन्हें विशेष रूप से सरकार की लाभकारी योजनाओं से अवगत करायें। उन्होंने इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त की कि जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता जा रहा है वैसे ही सामाजिक कुरीतियां भी हमारे बीच अपने पांव पसार रही हैं और इसके अनेक दुष्परिणाम सभी को भोगने पड़ रहे हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# लापुंग में हिंदू जागरण मंच की बैठक में धर्म संस्कृति की रक्षा का लिया गया संकल्प



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के कतींकेला में सरना सनातन हिन्दू जागरण मंच की बैठक सत्यनारायण महतो की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि हिन्दू जागरण मंच प्रवर्तन प्रमुख झारखंड प्रदेश संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए संकल्प लिया गया। 13 जून को दानेकेरा बाजार टांड़ में विराट सरना सनातन सम्मेलन व समरसता भोज का आयोजन किया गया है। उसमें लगभग 5000 लोगों को जुटने की संभावना है। लापुंग प्रखंड में हिन्दू संगठन, नारी शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, गौ-ब्राह्मण-मातृभूमि की रक्षा का एक स्वर में संकल्प दीप जलाकर लिया गया। इसके अलावे धर्म रक्षा निधि के लिए सहायता राशि भी स्वेच्छा से देन का संकल्प लिया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक गांव के घर घर में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष शंकर साहू लालगंज के अलावे पांच लोगों को सहयोगी सत्यनारायण महतो, गोपाल बड़ाइक, नितेश कुमार महतो को बनाया गया है। लापुंग के अलावे खुंटी, रांची, गुमला और लोहरदगा के धर्म प्रेमी प्रबुद्ध लोग शामिल होंगे।

# भाजपा सिकिदिरी मंडल कार्यसमिति की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भाजपा सिकिदिरी मंडल कार्य समिति की बैठक मंडल अध्यक्ष सुनील महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी के रूप निलमोहन पाहन एवं प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा उपस्थित थे। बैठक में सिकिदिरी मंडल की मजबूती पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। साथ ही 2024 की लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित अथितियों के द्वारा कहा गया कि किसी भी हाल में अपने बूथ में बेहतर परिणाम देना हमारा संकल्प होगा एवं अंतिम व्यक्ति तक हमारे कार्यकर्ताओं की पहुंच हो ऐसी तैयारी करनी है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सोहरैया बेदिया ने किया। मौके पर सतपाल राउत, नंदलाल राम, जिला एसटी मोर्चा महामंत्री बुधराम बेदिया, दिलीप कुमार मिर्धा, मनेश्वर मुंडा, रोहित बेदिया, बिटू, मनोज साव, बनु बेदिया, एतवा बेदिया, धनेश्वर बेदिया एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुरडेग प्रखंड के गोहरीटांड़ में धुमकुड़िया भवन का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शिलान्यास



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** विधायक भूषण बाड़ा ने कुरडेग प्रखंड के गोहरीटांड़ में आदिवासी संस्कृति कला केंद्र धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण भी किया। विधायक ने कहा कि आज धुमकुड़िया भवन का शिलान्यास किया जा रहा है, जो सरकार का एक अनूठा और ऐतिहासिक कदम है। क्योंकि यह आने वाली पीढ़ी को सामाजिक संस्कारों से जोड़ने का प्रयास है। विधायक ने कहा कि आज हम सभी लोग इस क्षण के गवाह हैं। धुमकुड़िया भवन का जल्द उद्घाटन भी हो, इसी सोच के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। धुमकुड़िया शब्द में बहुत कुछ रचा-बसा है। आदिवासी समुदाय में धुमकुड़िया में ही बैठकर सभी संस्कार तय किये जाते हैं तथा उन पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किए जाते हैं। धुमकुड़िया की परंपरा और संस्कृति को अक्षुण्ण रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, 20 सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि बिनोद दास, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, पंचायत अध्यक्ष संदीप लकड़ा, पंचायत अध्यक्ष आलोक बड़ा, युवा उपाध्यक्ष संदीप नायक, रानी अनिता टोप्पो, प्रखंड प्रवक्ता समीम अंसारी, अरुण जयसवाल, राशाल लकड़ा, नीरज टोप्पो, देवनिश टोप्पो, फादर बिपिन, अगाथा तिर्की, जेपी जयसवाल, गुलशन एक्का आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिप अध्यक्ष ने सिमडेगा जिला अंतर्गत कुरडेग प्रखंड में क्षेत्र भ्रमण कर की योजनाओं की समीक्षा



**सिमड़ेगा /कुरडेग (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद अध्यक्ष सिमडेगा रोस प्रतिमा सोरेंग ने सिमडेगा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखण्डों का क्षेत्र भ्रमण कर समीक्षा बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। सोमवार को सिमडेगा जिले के कुरडेग प्रखंड के सभागार सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक रोज प्रतिमा सोरेंग की अध्यक्षता में की गयी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान मनी एक्का, जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी, पैकरा जिप सदस्य संता रोसालिया कांडूलना के साथ पंचायत सचिव, मुखिया पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

